मुल्य रु। ५-००

सलंग अंक ७८ अक्टूबर-२०१३

श्री स्वामिनारायण

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महिने की ११ तारीख

मासिक

जलझीलणी एकादशी शोभायात्रा का दर्शन



प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.

(१) श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में जलझीलणी एकादशी तथा वामन जयंती के प्रसंग पर ठाकुरजी की आरती उतारते हुए तथा साबरमती नदी में ठाकुरजी को नौका में विहार कराते हुए प.पू. लालजी महाराजश्री साथ में देव स्वामी तथा संत मंडल (नारणघाट) (२) जेतलपुर मंदिर से जलझीलणी की शोभायात्रा तथा देव सरोवर में ठाकुरजी को नौका विहार कराते हुए संत मंडल । (३) कांकरिया मंदिर में सिद्धेश्वर महादेव के यज्ञ की आरती उतारते हुए प.पू. लालजी महाराजश्री । (४) सीनेमीन्सन-न्युजर्सी मंदिर में जलझीलणी दर्शन । (५) कांकरिया मंदिर जलझीलणी दर्शन । (६) प.पू. आचार्य महाराजश्री के ४१ वें जन्मोत्सव प्रसंग के उपलक्ष्य में गांधीनगर (से. २६) में प.भ. गोरधनभाई मुबारकपुरावाला) के यहाँ आयोजित सभा में प.पू. बड़े महाराजश्री की आरती उतारते हुए यजमान परिवार ।

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

वर्ष - ७ ● अंक : ७८

अक्टूबर-२०१३

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०६
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०७
०३.	ध्वजा	०६
०४.	हरिभक्त का महिमागान	०८
०५.	संतनो क्रोध	१०
०६.	श्रीहरि के सत्संग के सत्य स्वरुप को समझना	१२
०७.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	१३
०८.	सत्संग बालवाटिका	१५
०९.	भक्ति सुधा	१७
१०.	सत्संग समाचार	२०

संस्थापक

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com
दूर ध्वनि
२२१३३८३५ (मंदिर)
२७४७८०७० (स्वा. बाग)
फेक्स : ०७९-२७४५२१४५
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत स्वामी)

पत्र व्यवहार

श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
दूर ध्वनि २२१३२१७०, २२१३६८१८.
फोक्स : २२१७६९९२
www.swaminarayan.info
पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● वंशपारंपरिक देश में ५०१-०० ● विदेश १०,०००-०० ● प्रति कोपी ५-००

॥ अस्मदीयम् ॥

बरसात पूर्ण होने को था, और भाद्रपद के श्राद्ध पक्ष में असह्य गर्मी भी पड़ रही थी, फिर भी कहीं बादल दिखाई नहीं दे रहे थे। उसी सयम एकाएक समग्र गुजरात में मुशलाधार बरसात होने लगा, इससे करीब-करीब सभी डेम छलका गये। किसानों को नुकशान भी हुआ। फिर भी पानी की कहीं कोई तकलीफ नहीं रही। परमात्मा जब कृपा करते है तब कल्पना के बाहर होता है। भगवान की लीला का कोई पार नहीं है। भगवान जैसे तो भगवान ही है। अपने सर्वोपरि इष्टदेव भगवान श्री स्वामिनारायण तो सभी के कर्ता हर्ता तथा जीव मात्र की रक्षा करने वाले है। हमे भगवान की इच्छा के अनुसार रहने में ही सुख है।

वचनामृत ग.अन्य-१३ में भगवानने कहा है कि - जब हम तन, मन, धन सब कुछ भगवान को अर्पण कर देते है तब उन्हीं की इच्छा में अपना प्रारब्धहै। इसलिये भगवान की इच्छा से चाहे जितना भी सुख दुःख आवे उसमें घबडाना नहीं चाहिए। भगवान जिसमें प्रसन्न उसी में अपनी प्रसन्नता माननी चाहिए। भगवान में जिसे दृढ प्रीति तथा भक्ति है वह भक्त कभी भी धर्म, ज्ञान, वैराग्य तथा भक्ति का त्याग नहीं करता उसी से भगवान उस भक्त की रक्षा करते है। कभी ऐसा होता है कि देश-काल की विषम स्थिति में धर्मादिक ष्ठ में बाहर से कमी दिखाई देती हो लेकिन अन्तर में धर्मादिक का भंग नहीं होता। इस वात को सदा ध्यान रखकर सदा इसका अनुसंधान करते रहना चाहिए।

तंत्रीश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(सितम्बर-२०१३)

१०-११ अमेरिका से सीधे भुज सूखपर (कच्छ) पदार्पण।

१६ जलझीलणी एकादशी को श्री गणपतिजी के शोभायात्रा में पदार्पण।

१७ श्री स्वामिनारायण मंदिर नारणपुरा पदार्पण।

२३ लुणावाडा गाँव में पदार्पण।

२९ संतरामपुर (पंचमहाल) श्री हनुमानजी महाराज के शतामृत पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण.

प.पू. भावि आचार्य १०८ श्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(सितम्बर-२०१३)

८ वेदांत इन्डस्ट्रीयल हब में एक हरिभक्त के यहाँ पदार्पण, नरोडा।

१६ अमदावाद श्री स्वामिनारायण मंदिर तथा नारायणघाट मंदिर में श्री गणपतिजी के शोभायात्रा में पदार्पण।

ध्वजा

- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुर धाम)

वैदिक तथा पौराणिक समय के शास्त्रों में से ध्वजा का उल्लेख मिलता है। वर्तमान समय में दो प्रकार से ध्वजा का उपयोग हो रहा है। देव मंदिरो में देवता के प्रतीक रुप में दूसरा राजा महाराज अपनी पहचान के रुप में ध्वजा का उपयोग करते है।

धार्मिक ध्वजा के विषय में अलग-अलग शास्त्रो में खूब महत्व बताया गया है। शिल्प शास्त्र में मंदिर को भगवान का स्थूल रुप बताया गया है इसलिये ध्वजा को शिखा का रुप माना जाता है। मंदिर की पूर्णता ध्वजा की प्रतिष्ठा के बाद होती है। इसके अलांवा देव मंदिरकी ध्वजा को देव-देवीका प्रतीक मानकर पूजन होता है। इसलिये कि देव-देवी के प्रत्यक्ष दर्शन न होने पर ध्वजा के दर्शन से मूर्ति के दर्शन का लाभ मिलता है। जिस तरह मूर्ति प्रतिष्ठा होती है उसी तरह ध्वजा की प्रतिष्ठा होती है। इससे ध्वजा में भी वही उर्जा शक्ति होती है। इसलिये ध्वजा की परछाई को भी अलभ्य माना जाता है. सूतक इत्यादि में मूर्ति दर्शन का अधिकार न होने से ध्वजा का दर्शन करने से फल मिलता है।

ध्वजा को सफलता की सिद्धि मानी जाती है। ध्वजा की वन्दना करने वालों की निश्चित सिद्धि होती है। मंदिर में ध्वजा चढाने वाले की विजय होती है। अर्थात् जिसकी विजय होती है उसीको इसका लाभ मिलता है। मूर्ति प्रतिष्ठा विधिमें आचार्य त्रिविक्रमाचार्य का मत है कि ध्वजा चढाने वाले को ध्वजा में जितने तन्तु है उतने हजार वर्ष तक स्वर्ग में निवास मिलता है।

ध्वजा जिसमें लगायी जाती है उसे ध्वजदंड कहते हैं। उस दंड के नीचे ध्वजा पुरुष की मूर्ति होनी चाहिए, दंड लकडी का होना चाहिए जिसमें वांस, खैर, सीसम, अर्जुन, महुवा, तांबा, पीतल, सुवर्णादि धातु से मढा होना चाहिए. उसकी लंबाई गर्भ गृह के बराबर की होनी चाहिए। उसे शिल्प शास्त्र में उत्तम कहा गया है।

नैऋत्य में भगवान के दक्षिण हाथ में ध्वजा रखने का शास्त्र मत है। ६, ८, ९, १०, १२, १४ हाथ जितनी लंबाई वाला ध्वजदंड मान्य है। दंड भीतर से पोलवाला नहीं होना चाहिए।

देव-देवी के मंदिर पर ध्वजा की विविधता देखने में मिलती है। वही उस मंदिर की पहचान है। उस में भी देवी के मंदिर की ध्वजा लाल (केसरी) शिव तथा रुद्रावतार स्वरुपों की लाल, विष्णु के स्वरुपों की सफेद, मस्जिद के ऊपर हरे रंग की ध्वजा होती है। ध्वजा एक रंग, दो रंग, तीन रंग तथा पांच रंग की हो सकती है। विश्व में कुल तेरह धर्म माने जाते हैं। वे सभी अपने-अपने परम्परा के अनुसार अलग-अलग ध्वजा को मानते है। पूजन करते हैं और आदर भाव रखते हैं।

ध्वजा का माप कितना होना चाहिए ? शिल्प शास्त्र में ध्वजा की लम्बाई-चौड़ाई का प्रमाण - दंड की लंबाई के बराबर ध्वजा की लंबाई तथा आठवें भाग की चौडाई होनी चाहिए। इसके लिए अन्य आचार्यो का अलग-अलग मत है।

(१) ध्वजा के चौथे भाग का दो हाथ की लंबाई तीन हाथ की लंबाई, आकार में त्रिकोण तथा लंब चौरस आकारका होना चाहिए। इसके अलांवा डबल त्रिकोण भी मान्य है, जिसमें चोड़ाई की अपेक्षा लंबाई दो गुनी अधिक होनी चाहिए।

ध्वजा कपास सूत की पवित्र मानी जाती है। रासायनिक कपडे से बनी ध्वजा का निषेधकिया गया है

।इस लिये कि देवी-देवता का आहूवान किया जाता है।

अपने अमदावाद तथा वडताल देश के शिखरी मदिरों में अलग-अलग ध्वजा देखने में मिलती है । इसका कारण शास्त्रोक्त है । वह जानने लायक है । वडताल प्रदेश में मंदिरों में लक्ष्मीनारायण की मूर्ति प्रधान रुप में होती है।इसलिये लक्ष्मीजी का प्रतीक लाल रंग है तथा नरनारायण का रंग सफेद है इन दोनो के प्रतीक रुप में लाल-सफेद पट्टावाली ध्वजा चढाई जाती है। अमदावदा देश में श्री नरनारायणदेव की मूर्ति प्रधान स्वरुप में रहती है - जिससे सफेद ध्वजा में हनुमानजी की मूर्ति लाल रंग की रखी जाती है। इस विषय में महा भारत आदि पर्व में यह कथा आई है कि पांडव अपने पूर्वजो के उद्धार के किये एक यज्ञ का आयोजन किये। जिसमें सोने की अधिक मात्रा में जरुरत थी। उस समय भगवान कृष्ण और अर्जन सोना लेने के लिये लंका गये । समुद्र के किनारे आये, जहाँ पर भगवान हनुमानजी वृद्धरुप में समुद्र सेतु की रक्षा कर रहे थे । श्रीकृष्ण अर्जुन को हनुमानजी सामान्य व्यक्ति समझकर सेतुपर जाते समय रोके । यह देखकर अर्जुन बाण का पुल बनाने लगे। उस पुल को हनुमानजी तोड़ डाले। वारंवार ऐसा होता रहा, दोनो में संघर्ष हो गया। भगवान श्रीकृष्ण दोनो की मध्यस्थता कतरे हुए प्रतिज्ञा करवाये कि अब यदि अर्जुन के बनाये बाण के पुल को आप तोड़ देंगे तो अर्जुन को आपका दास बनना पड़ेगा, यदि हनुमानजी नहीं तोड सके तो हनुमानजी को अर्जुन का दास बनना पडेगा। अब भगवान अपने भक्त अर्जुन का पक्ष रखने के लिये पुल के नीचे सुदर्शन चक्र रख दिये । बाद में हनुमानजी उस पुल को तोड़ने में समर्थ नहीं हो शके । हनुमानजीने दिव्य दृष्टि से देखा तो श्रीकृष्ण में श्रीरामजी का दर्शन हुआ। हुमानजी चरण में गिर पडे। क्षमा मांगे। प्रार्थना करते हुए कहे कि हे प्रभो ! में आपको पहचान नहीं सका। मैं वचन से बधगया हूँ। आप का तथा अर्जुन का सेवक बनकर रक्षा करुंगा । उस समय भगवान श्रीकृष्णाने हनुमानजी को ध्वजा में रहकर रक्षा करने की आज्ञा की इसलिये महा भारत के युद्ध के समय अर्जुन के ध्वजा में रहकर रक्षा करते रहे। अपनी गदा से शत्रुओं के प्रहार से अर्जुन के रथ की रक्षा करते । उसी समय से भगवान श्रीकृष्ण तथा अर्जुन जहाँ रहते हैं वहाँ पर वहाँ के मंदिर की रक्षा करते रहते हैं।

इस शास्त्र की परंपरा का ध्यान रखकर अमदावाद श्री नरनारायणदेव - श्रीकृष्ण अर्जुन के रुप में विराजमान है। शिक्षापत्री श्लोक ११० में लिखा है कि जहाँ पर अर्जुन तथा श्रीकृष्ण हो वहाँ नरनारायण के रुप में जानना। ध्वजा में हनुमानजी को सूत के कपड़े में मूर्ति का रुप देकर उसकी प्रथिष्ठा करके, हनुमानजी का आह्वान करके शिखर के ऊपर चढाया जाता है। यही परंपरा सभी मंदिरो में देखी जाती है। जहाँ पर वह परंपरा न हो वहाँ ऐसी परंपरा रखनी आवश्यक है। हनुमानजी अपनी गदा से उसकी अवश्य रक्षा करेंगे। जब मंदिर की मरम्मत करानी हो तो हनुमानजी की प्रार्थना करके पूजन करके आगे का कार्य करना चाहिये, अन्यथा वे भुक्का बोला देगे । कितने देव-देवियों के मंदिरकी ध्वजा में त्रिशूल, ॐ, स्वस्तिक अथवा उन देवताओं के आयुधभी रखे जाते हैं। यह भी शास्त्र सम्मत है। जैसे विष्णु की ध्वजा में गरुडजी, शिव की ध्वजा में वृषभ, ब्रह्मा में हंस, वरुण, क्रौंच, इन्द्र, हाथी, अग्निमेष, सूर्य-अश्व दुर्गा, सिंह, गणेश-मूषक, कुबेर-नर, वायु-मृग, सरस्वती-हंस, लक्ष्मी-कमल इत्यादि ध्वजा में रखे जाते हैं।

ध्वजा बदलने का समय विजयादशमी, वार्षिक पाटोत्सव, वर्ष के आरंभ में, खंडित होने पर मास के

पेईज नं. ९

श्री स्वामिनारायण

हरिभक्त का महिमागान

- अतुल भानुप्रसाद पोथीवाला (मेमनगर-अहमदाबाद)

''हरिभक्त'' अर्थात् सत्संग की मूल इकाई । जिस प्रकार ईंट और पत्थर से मकान बनता है । उसी प्रकार समूह सत्संग का निर्माण करता है । बहन हो या भाई त्यागी हो या गृहस्थ, साधु हो या ब्रह्मचारी या सांख्ययोगी यह सभी हरिभक्त ही है।

सत्संग के प्रत्येक अंग को जोडने की आवश्यकता रहती है। भगवान भक्त के बगैर सूने है। ''जहाँ-जहाँ मेरे भक्त रहते है, मेरा भजन व कीर्तन करते हैं वहाँ पर मै बसता हूँ।'' श्रीहरिने अपना निवास स्थान बना दिया है। भक्तो को भी सच्चा भक्त बनकर रहना चाहिए और यदि ठग बनकर अपने आपको या भगवान को या भक्तजनो को बेवकूफ बनाता है तो वह जगत के जीवो से भी खराब है।

जिस प्रकार भक्त के बगैर भगवान को कल्पना नहीं कर सकते । उसी प्रकार एक भक्त के बगैर दूसरा भक्त भी अधूरा है। मंदिर की स्थापना के पीछे श्रीहरि का हेतु यही था कि मेरे भक्त नित्य मंदिर में आये, एक-दूसरे से आत्मियता रखे और सत्संग का प्रचार-प्रसार हो मंदिर सत्संग के उत्थान का केन्द्र है।

काल और समय से जब मंदिर जीर्ण होता है तब पुनरुत्थान अवश्य करना चाहिए । आखिर भगवान के निवास स्थान को सुंदर बनाना भक्त की जिम्मेदारी है। भगवान भी चाहते हैं कि उनके भक्त दूर-दूर से दर्श; करने आये । भक्त के लिए वे उसी प्रकार सुविधा प्रदान करते है जिस प्रकार एक पिता अपने बच्चो के सुख के बारे में सोचता है।

अपने मंदिरो में नित्य और निष्ठापूर्वक दर्शन करने वालो की भीड रहती है । और उसमे भी पूर्णिमा, एकादशी और उत्सव के अवसर पर दर्शन करने आते है। ऐसे समय में भक्त की परीक्षा होती है । मंदिर में लोग थाल, प्रसाद और महापूजा के लिए भेट पहुंचाते है । भगवान के लिए भी भेंद आवश्यक है। जब कोठार में सेवा करने वाला भक्त आने वाले भक्त को ''जय स्वामिनारायण'' कह कर स्वागत करता है तब कितना सुंदर वातावरण का निर्माण होता है।

उसी प्रकार प्रतिदिन या महोत्सव के दौरान सेवा

करने वाले भक्तो की बातो को आदरपूर्वक मानना चाहिए, ऐसे वक्त पर अपने मान-सम्मान छोडकर एक भक्त जैसा आचरण करना चाहिए । यदि वाहन बाहर रखने को कहे तो बाहर रखना और चलते दर्शन करने जाना चाहिए।

आज प्रचार-प्रसार के माध्यम के कारण समग्र विश्व एक छोटा सा स्थल बन गया है । रोज श्रीहरि के दर्शन Live कर सकते है । तब मंदिर की शोभा बढाने के लिए हम सभी को प्रयास करना है । भक्तो को श्रद्धावान बनना है और ईर्ष्या का त्याग करना है।

सच्चे हरिभक्त का यही लक्षण है कि वह सभी का दास बनकर रहता है । जो सेवा मिले वह निष्ठापूर्वक करता है।

अपने आग्रह को छोड प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री या संनिष्ठ संतो के आग्रह को आज्ञा मानकर उसी प्रकार वर्तन करे ।

''निष्कामभाव'' और ''निर्मलता'' यह हरिभक्त का मुख्य गुण है । इससे वह जितना चाहे उतना ऊपर उठ सकता है।

मंदिर को चलाने वाले भी तो हरिभक्त है । प्रभु के लिए तो सभी सेवक है । हम मूल प्रणाली के सेवक है जो अपनी धरोहर को संभाल रहे है । और हम हमारे नजदीक के सभी हरिभक्तो के सेवक है।

श्रद्धावान रहने से श्रीहरि की महिमा जैसी था वैसी समझ में आती है । ईर्ष्या से मुक्त रहने से सत्संग के प्रति दिव्यता बढती है । सभी हरिभक्तो को अपने परिवार का हिस्सा समझना चाहिए।

जो श्रध्धा वाला है वह सच्चा हरिभक्त है और जो ईर्ष्या से मुक्त है वह पक्का भक्त है।

प्रत्येक भक्त अपना समझकर उसकी सुख सुविधा और सत्संग का ख्याल रखे यही सच्चा महिमागान है । हरिभक्तो का।

अनु. पेईज नं. ७ से आगे

प्रथम दिन, स्वरुप के जन्मोत्सव पर, किसी विशिष्ट पर्व पर, पुराने ध्वजा को विसर्जित करके नूतन ध्वजा की प्रतिष्ठा करके स्थापित किया जाता है । डाकोर द्वारिकादि मंदिरो में नित्य ध्वजा चढाई जाती है । पदयात्री पैदल-चलकर मंदिर में ध्वजा चढाते हैं । जिसे सम्पूर्ण शरणागति का प्रतीक माना जाता है।

पहले के समय में राजा महाराजा के रथ के ऊपर, घोडा, हाथी, पालकी, किला, राजमहल, कोठी, मुख्य द्वार पर अपनी पहचान कराने वाले ध्वजा को रखते थे । आज के समय में विश्व के ६९६ देश अपने साम्राज्य के प्रतीकरुप में नाना प्रकार के ध्वज रखते हैं । उसकी मर्यादा भी रखी जाती है । अपने देश का त्रिरंगी ध्वजा में लाल रंग शौर्य का, सफेद रंग शांति का, नीला रंग प्रगति का प्रतीक तथा बीच में २४ पट्टी का अशोक चक्र अखंडित अनुशासन को प्रदर्शित करता है । अपने देश में प्रत्येक २६ जनवरी तथा १५ अगस्त को ध्वज वंदन किया जाता है । प्रत्येक नागरिक को स्वाभिमान पूर्वक ऊपर के पर्व में ध्ववंदन करना चाहिए । अब तो केवल विद्यालय तथा शासन में ध्वज वंदन होता है । त्यौहार के समय दरवाजे पर तोरण बांधा जाता है, यह भी विजय का प्रतीक है।

जिस मंदिर या शासक की ध्वजा के नियम का सुंदर ढंग से पालन किया जाता है । उसका साम्राज्य सुरक्षित रहता है । जिस मंदिर की ध्वजा में क्षति होती है, ध्वजा में लापरवाही होती है उस मंदिर की या उसके अनुयायियों की दुदर्शा होती है।

संतनो क्रोध

- चंद्रकान्त पाठक
(गांधीनगर)

सांकरी गाँव के बाहर बावली का किनारा बनाने का कार्य तीन बढई कर रहे थे । बहुत समय तक परिश्रम किये, थक गये तो किनारे पर बैठकर हवा खा रहे थे, उसी समय उन सभी की दृष्टि सामने एक बगीचे में बैठे तीन साधुओं पर पडी ।

एक साधु दूसरे साधु के मस्तक पर कुल्हाडी मार दी और वह लहु लुहान हो गया । उन तीन बढई में एक ने कहा कि देखो तो साधु को अपनी क्रोधपर काबू नहीं है । साधु बनने की इन मे पात्रता ही नही है । साधु को क्रोधकैसा ?

दूसरे बढई ने कहा मैं उन्हें पहचानता हूँ । वे मुक्तानंदजी के गुरु है ।

जिसे कुह्राडी मारे थे वह स्वयं अपनी धोती में से चीर कारण कर - जमीन के ऊपर से धूल लेकर माथे में कपडे से बांधदी । बहता खून बन्द हो गया । बाद में उस साधु पर प्रसन्न होकर मस्तक पर हाथ रखते हुए अपने अन्तर का भाव व्यक्त किये ।

साधु का क्रोधभी कल्याण कारी होता है । भगवान श्रीहरि कहते हैं कि इस तरह करना पड़े तो करना आवश्यक होता है, इससे साधुओं की दैनिक क्रिया नीतिरीति नियम सभी के सहायक होता है । कभी-कभी क्रोधभी करना चाहिये । साधु को मारने वाले रामानंद स्वामी थे ।

मारने का कारण क्या था ?

प्रातः कालीन दैनिक कृत्य सम्पन्न करके रामानंद स्वामी कहे कि आप दो साधु गाँव में भीक्षा मांगने जाइयें । जो मिले वह ले आइये । उसे ठाकुरजी को अर्पण करेंगे । साधु भीक्षा मांगने गाँव में गये । उस में से एक साधु गांव में किसी किसान के यहाँ गया था । घर में कोई पुरुष वर्ग नहीं था ''नारायण हरे, सच्चिदानंद प्रभु'' ऐसा कहकर भीक्षा मांगे । बहन बाहर आकर देखी तो ए रामानंद स्वामी के शिष्य है । रामानंद स्वामी भगवान तरह समझ हैं । ऐसा कहने वाले बहुतो के मुख से सुना गया है । भगवान श्रीकृष्ण के सेवक हैं । जिसके गुरु महान हों उनके शिष्य भी सामान्य तो हो ही नहीं सकता । गुरु के गुण शिष्य में आते हैं । समाज के सुधारक होते हैं। लोगो को सत्मार्ग पर लेजाते हैं । ऐसा विचार करते हुए वह बहन घर में भोजन पूर्ण हो गया था, मात्र एक रोटी बनी थी, वही एक रोटी लेकर बाहर आयी और कहने लगी कि आधे रोटी में आपको देती हूं आधी रोटी में अपने लिये रखती हूं । फिर विचार आया कि साधु दूसरे घर भी पाजेंयगे, में इस में से चौथा भाग देती हूँ । रोटी का टुकडा करते समय पुनः विचार आया कि नहीं आधी रोटी देना ही ठीक रहेगा, मैं अपने लिये थोडा बना लूंगी ।

समर्थ साधु थे । दूसरों के भीतर की वात जानने वाले थे । बहन को भीतर से बाहर आने से समय लगी । इस लिये संत ने कहा कि अरे बहन ! आधी रोटी या चौथे भाग की रोटी देने का विचार मत करो, हम तीन लोग है, हमें पूरी रोटी दे दो । बहन को बड़ा आश्चर्य हुआ, ये साधु तो मेरे भीतर की भी बात जान लियें । बहन पुरी रोटी साधु के झोली में डाल दीं ।

रामानंद स्वामी के पास आकर पूरी बात बतादी,

स्वामी यह सुनकर साधु के मस्तक पर कुल्हाडी मार दिये । साधु लोही लुहान हो गया ।

तीनो बढई स्वामी के पास गये, स्वामी का चरण स्पर्श करके कहने लगे कि स्वामीजी ? इस साधु को बिना कारण के कुल्हाडी क्यो मार दिये ।

स्वामीने कहा, यह साधु गाँव में भिक्षा मांगने गया था वहाँ एक पटेल के घर अपना सामर्थ्य का दुरुपयोग किया, उस घर में पुरुष वर्ग कोई नहीं था, केवल वह महिला ही थी । उसके मन के संकल्प को बताकर उससे पूरी रोटी मांग लाया । हमारे यहाँ भिक्षा में जो मिले उसे लेलेना होता है । साधु पूरी रोटी मांग कर अपनी मर्यादा का उल्लंधन किया है । इसलिये मैंने उसे दंड दिया है ।

यह वात सुनकर तीनो बढई स्वामी के चरण में गिर पडे । इसके बाद वहाँ से अपने काम पर वापस चले गये ।



दीपोत्सवी कार्यक्रम

: धनतरेस :

आश्विन कृष्ण-१३ शुक्रवार ता. १-११-२०१३

महालक्ष्मी पूजन सायंकाल ६-०० से ८-३० बजे ।

: काली चौदश :

आश्विन कृष्ण-१४ शनिवार ता. २-११-२०१३

हनुमानजी महाराज का पूजन सायंकाल ५-०० बजे ।

: दीपावली :

आश्विन कृष्ण-३० रविवार ता. ३-११-२०१३ समूह शारदापूजन-चोपडा पूजन सायंकाल ६-३० बजे ।

: नूतन वर्ष :

सं. २०७० : कार्तिक शुक्ल-१

सोमवार ता. ४-११-२०१३

मंगला आरती प्रातः ५-00 बजे ।

शृंगार आरती प्रातः ६-३0 बजे ।

(सुवह ९-३0 से १२-00 दर्शन बंद रहेगा)

राजभोग आरती प्रातः १२-00 बजे ।

अन्नकूट दर्शन दोपहर १२-00 बजे से ३-३0 बजे तक ।

श्रीहरि के सत्संग के सत्य स्वरुप को समझना

- पटेल गोरधनभाई शंकरदास (सोजा)

धर्मवंशि को प्रबल प्रतापा, दे उपदेश मिटावत पापा ॥
जब शरणागत होवत जंता, ताहि मिलावत श्री भगवंता ॥
धर्मवंश जश अति सुखकारी, सुनत पुनित होत नरनारी ॥
पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण मुरारी, तेहि रीझत प्रभु भवभयहारी ॥
धर्मवंश के विप्र हे जोई, प्राकृत मनुष्य के सम नहि सोई ॥
धर्म वृद्धि हित द्विज भयं देवा, करन् श्रीकृष्ण देव की सेवा ॥
मुक्तानंदके प्रभु सुख दाता, धर्मवंश कियो पृष्ट अपारा ॥

अनंत कोटी ब्रह्मांड में से हम किसी एक ब्रह्मांड में रहते हैं । यह ब्रह्मांड का मतलब मृत्युलोक, उसमें भी जम्बू द्विप, उस में भी नवखंडो में भतर खंड, जिस में हम रहते है। इस में भी सद्गुरु का मिलना अति दुर्लभ है। श्री भाग. स्कन्ध-११. अ.५ श्लोक २९ में कहा है। उसमें भी भगवान के भक्तों का दर्शन अति दुर्लभ बताया गया है। संसार में सद्गुरु, सत्पुरुष, संत तथा हरिभक्तों का समागम मिले तो समझना चाहिये कि जीवने बहुत पुण्य किया होगा । क्योंकि मोक्ष प्राप्ति के लिये धर्म, ज्ञान, वैराग्य के साथ यदि भक्ति की जाय तो सद्गुरु की प्राप्ति होती है । स.गु. निष्कुलानंद स्वामी, स.गु. मुक्तानंद स्वामी, दादा खाचर, सुन्दरभाई, पर्वतभाई का कल्याण सहजानंद स्वामी जो अपने इष्टदेव तथा दीक्षा गुरु है - परब्रह्म परमात्मा है । वही सत्संगी मात्र के गुरु है । इसलिये हम बडे भाग्यशाली हैं। उन्हीं महाप्रभु के वंश में उत्पन्न आचार्यों के चरण में रहने का योग मिला है । सत्संगी मा-बाप के घर जन्म लेने से यह योग मिला है। इसलिये धर्मवंशी आचार्य महाराजश्री की महिमा समझकर सत्संग करेंगे तो सहजानंद स्वामी हमें सुख प्रदान करेंगे।

श्री स्वामिनारायण श्री स्वामिनारायण स्मरी अविनाशी फल लेंवुजी । मनगमतुं मेली मनवा हरिना गमतामां हरवुं फरवुं जी। देह धर्यो ते दुःख सुख आवे, ते हरिना नाम साथे वेढी लेवुंजी धर्मवंशी आचार्य - संत पर हेत करीने सहजानंद पुरुषोत्तम भजवाजी।

गोवर्धन कहे भक्ति मां विघ्न करे तेने वेरी मानी तजवा जी ।
शिक्षापत्री आज्ञा में रही हरि भजी करों जीवन सफल जी ॥

शिक्षापत्री श्लोक-३, ६२, १०८, ११६, ७१ में प्रभु ने जो आज्ञा की है - आचार्य की अन्न-वस्त्र धन इत्यादि से पूजा करना तथा किसी प्राणी, जीव जंतु या हरिभक्त, संत का द्रोह नही करना - तभी अक्षरधाम की प्राप्ति होगी।

श्री नरनारायणदेव के २४ कलाक दर्शन के लीये देखिये वेबसाईट
www.swaminarayan.info
www.swaminarayan.in
भारतीय समय अनुसार आरती दर्शन : मंगला आरती ५-३० ● शृंगार आरती ८-०५
● राजभोग आरती १०-१० ● संध्या आरती १८-३० ● शयन आरती २०-३०

श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से

स्वस्ति श्रीमती लक्ष्मीपुरे महाशुभ स्थाने बिराजमान उत्तमोत्तम परम पूज्यपाद धर्मवंश भूषण आचार्य प्रवर आचार्यश्री अयोध्याप्रसादजी हरिकृष्ण महाराज एतान श्री वरताल थी लि. साधु गोपालानंदना साष्टांग प्रणाम सहस्त्र सेवामां अंगीकार करजो । अपरंच लखवा कारण एम छे जे अमारे तो दोलोत्सव करी तुरत अमदावाद आववानो विचार हतो तथा पि अमे आव्या मोरथी ज डुंगरपुरथी मूर्तियो आवी त्यारे आनंद स्वामीए तथा अक्षरानंद स्वामीए गढडे रघुवीरजी ऊपर कागड़ लख्यो तो पछे एमनो समाचार पत्र आव्यो जे अमारे फागण वद-११ ने दिवसे वरताल मूर्ति पधरावववी छे माटे गोपालानंद स्वामीने वरताले राखजो । पछे ए समाचार अमे सांभळ्या ने अमन आनंद स्वामी ए अक्षरानंद स्वामी ए घणी ताण करीने कह्युं जे तमारे तो हवे अहीं रहेवुं जोइशे केम जे धोलरे मूर्ति परधावे छे ते तो श्रीजी महाराजने हाथ स्पर्श करीने आवेली छे ने आ मूर्ति तो नवी छे तेनुं स्थापन करवुं छे तेमा तमारे रयुं जोइये । ने रघुवीरजी ने तथा नित्यानंद स्वामीने पण अमने सरख्यानी गणी ताण जणाणी ते सारुं अमे अत्र रह्या छै ये । ते एकादशी ने दिवसे प्रतिष्ठा करीने द्वादशी ने दिवस अत्रथी निकलसुं ते तम्हारे त्यां आवशुं ने जेम तमे कहेशो तेम करशुं बीजुं भाई श्री रामप्रतापजी महाराजने मारा घणेमाने प्रणाम केजो तथा सर्वज्ञानंद स्वामि आदि साधु ने अमारा नारायण केजो । संवत १८८७ ना फागण वदी-२ लेखक शुकमुनि ना साष्टांग प्रणाम सेवा मा कबुल करजो ।

आचार्यश्री अयोध्याप्रसादजी हरिकृष्ण महाराजने पत्र पहोंचे श्री अमदावादनो छे।

समर्थ संत श्री गोपालानंद स्वामी ए आदि आचार्यश्री अयोध्याप्रसादजी महाराजश्री ऊपर शुकानंद स्वामी द्वारा लखावेल यह पत्र श्री स्वामिनारायण म्युजियम में सभी हरिभक्तों के दर्शनार्थ होल नं. ९ में रखा गया है। इन हस्ताक्षरों के दर्शन मात्र से आत्यंतिक कल्याण होगा। हरिभक्त इसका लाभ अवश्य लें।

प.पू. बड़े महाराजश्री के स्ववचनवाली कोलरट्युन मोबाईळ में डाउन लोड करने के लिये अधोनिर्दिष्ट करें ।
मोबाईल में टाईप करें : **cf 270930** टाईप करें **56789**
नम्बर पर : **S.M.S.** करने से कोलरट्युन प्रारंभ होगा । नोंट : **cf** टाईप करने के बाद एक स्पेस छोड़कर

श्री स्वामिनारायण म्युजियम मे भेट देनेवालों की नामावलि अगस्त-२०१३

रु. १००००० /-	अ.सौ. धुलीबेन दशरथभाई पटेल मोखासम कृते योगेशभाई तथा जयेशभाई वर्तमान यु.एस.ए.
रु. ५०१०५ /-	समस्त हरिभक्त श्री स्वामिनारायण मंदिर स्ट्रेधाम (यु.के.)
रु. ३००११ /-	प.भ.अ.नि. गंगदासभाई बेचरदास चोटलिया लेस्टर (यु.के.) कृते कंचनबहन चोटलीया
रु. १५००० /-	प.भ. किरीटभाई पेटल स्ट्रेधाम (यु.के.)
रु. १४००० /-	जीमेश अश्विनभाई सोनी (बी.इ. कोम्प्युटर), राणीप
रु. १३३०० /-	पूजा बहन कानुगा हालार (न्युजर्सी)
रु. ११००० /-	धीरजभाई के. पटेल - सोला रोड
रु. ११११११ /-	अ.नि. मणीलाल लक्ष्मीदास भालजा साहब के ११० वें जन्मोत्सव निमित पर । प्रेरक अ.नि.प.भ. श्री नंदलालभाई भायचंदभाई कोठारी वर्तमान प्रबोधभाई छगनलाल झाला
रु. ५५५५ /-	रमेशभाई अंबालाल पटेल - साबरमती
रु. ५००१ /-	सुशीलाबहन मनहरलाल पटेल - बापुनगर
रु. ५००१ /-	सोनी चुनीलाल दुर्लभजी - राणीप, विजयभाई तथा भावनबहना को ग्रीनकार्ड प्राप्त करने के निमित्त पर
रु. ५००० /-	सोक्रेटीस ईन्स्टीट्युड़ डॉ. डी. वी. देवाजी - वस्त्रापुर
रु. ५००० /-	घनश्याम एन्जीनीयरींग वर्तमान, मीनाबहन के. जोषी - बोपल

सूचना : श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रत्येक पूनम को ११-३० बजे प.पू. बड़े महाराजश्री आरती उतारते है ।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति के अभिषेक की नामावलि (अगस्त-२०१३)

ता. ९-९-१३ प.पू. भावि आचार्य महाराजश्री के सानिध्य में गणपति पूजन कृते नरेशभाई ईश्वरभाई पटेल, नारणपुरा ।

ता. १५-९-१३ (प्रात:) वासुदेवभाई लवजीभाई पटेल, नारणपुरा कृते धर्मेशभाई

(सायंकाल) श्री स्वामिनारायण मंदिर कार्डिफ के पाटोत्सव प्रसंग पर कृते नारणभाई लालजीभाई हीराभाई तथा श्री नरनारायणदेव युवक मंडल ।

ता. २४-९-१३ पूनमभाई मगनभाई पटेल, नवरंगपुरा ।

ता. २९-९-१३ प.पू.अ.सौ. बड़ी गादीवालाजी की प्रेरणा से सां.यो. बाबुबा ।

श्री हनुमानजी महाराज का पूजन

श्रीजी महाराज की आज्ञानुसार काली चौदश को श्री हनुमानजी महाराज का पूजन तथा अभिषेक श्री स्वामिनारायण म्युजियममें ता. २-११-१३ को शनिवार प्रात: ८-०० से ११-३० तक पूजन का कार्यक्रम रखा गया है । पूजन का लाभ लेने के लिये कोई भी हरिभक्त ११००/- रुपये भरकर नाम अंकित कर सकते हैं । पूजा में दम्पती को लाभ मिलेगा । पूजन के बाद सभी को भोजन का प्रसाद भी मिलेगा ।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम : फोन : २७४८९५९७ मो.नं. : ९९२५०४२६८६.

संप्रदाय में एकमात्र व्यवस्था स्वामिनारायण म्युजियम में महापूजा । महाभिषेक लिरवाने के लिए संपर्क कीजिए ।

म्युजियम मोबाईल : ९८७९५ ४९५९७, प.भ. परषोत्तमभाई (दासभाई) बापुनगर : ९९२५०४२६८६

www.swaminarayanmuseum.org/com email:swaminarayanmuseum@gmail.com

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी
(गांधीनगर)

अपने इग्यारह नियम

(शास्त्री हरिप्रियदासजी, गांधीनगर)

(गतांक से चालू)

प्रिय भक्तों ! संप्रदा यमें आश्रित सायंकाल को जो पद का गायन करते है - ''निर्विकल्प उत्तम अति'' इस पद में प्रेमानंद स्वामी ने जो इग्यार नियम वर्णन किये है - उसका हम विस्तार पूर्वक अर्थघटन कर रहे है। अभी तक सात नियम के अर्थ को समझे है, अब आगे आठवें नियम को लिख रहे है - कलंक न कोई कुं लगातः।

प्रेमानंद स्वामीने ''निर्विकल्प उत्तम अति'' इस पद में उपरोक्त पद का गुम्फन करके सभी को किसी विशेष पाप से बचाने का प्रयास किया है। स्वामिनारायण भगवानने भी वाणी से होने वाले पाप से बचने को कहा है। शरीर से ही पाप नहीं होता, वाणी से भी पाप होता है। स्वार्थ की वात हो या न हो, जो वात आप नही जानते हो, उसमें अटकर बच्चे लगाने की क्या जरुरत ? उस कलंक या आरोप से पांच महापाप से अधिक पाप लगता है।

पांच महापाप का प्रायश्चित शास्त्र में लिखा हुआ है, लेकिन किसी पर झूठा कलंक या आरोप लगाने वाले का कोई प्रायश्चित नहीं है। मिथ्या कलंक बहुत भयंकर पाप है। किसी पर अज्ञान में भी झूठा आरोप लगाने वाले को कहीं न कहीं से पाप आकर धरदबोचेगा।

संत परंपरा में अपने संत एक दृष्टांत देते हैं - चार ब्राह्मण काशी पढकर वापस आरहे थे। सभी विद्वान हो गये थे। उस जमाने में ब्राह्मण को जब सामने से कोई आते देखता तो संमान के साथ उसे बुलाता। अपने घर ले जाता और भौजन कराता। संयोग से उसी समय गाँव से बाहर कोई सद्गृहस्थ इन चार ब्राह्मणो को आते देखा तो पूछा कि, आप सभी कहां से आ रहे हैं ? काशी से पढकर आ रहे हैं। अच्छा। आप सभी आज रात यहाँ विश्राम कीजिये।

हमारे यहाँ भोजन प्रसाद लीजिये, उन ब्राह्मणों ने वैसा ही किया। वे सभी तालाब के किनारे रहने का निश्चय किया।

सद्गृहस्थ के घर से राशन आया। वहीं तालाब के किनारे भोजन बना, सभी भोजन किये, संयोग से चारों की मृत्यु हो गयी। यमराज के यहाँ लेखा जोखा साफ होता है। सभी के कर्म का लेख एकदम स्पष्ट होता है। चार ब्राह्मणों की एक साथ मृत्यु कैसे ? यमराज तत्काल इसकी स्पष्टता के लिये अपने अनुचारों को भेंजे। सद् गृहस्थ का इस में कोई दोष नहीं था, उसने तो रासन दे दिया। लेकिन ब्राह्मण जिसवृक्ष के नीचे भोजन बना रहे थे उस वृक्ष पर चील पक्षी एक मरे सर्प को लेकर खा रही थी। उस सर्प के मुख से विष भोजन के ऊपर गिर रहा था। इसकी ब्राहमणों को खबर नहीं हुई। वे लोग अज्ञानता में भोजन कर लिये। प्रश्न यह है कि ब्राह्मणों के हत्या का दोष किसे लगे। चारो ब्राह्मणों की अकालमृत्यु हुई है। यमराज बड़ी चिन्ता में पड़ गये।

चिन्तित यमराज भोलानाथ के पास जाकर यही प्रश्न पूछते हैं ? महादेव भी प्रश्न का समाधान नहीं कर पाये तो दोनो भगवान विष्णु के पास जाते हैं। अब भगवान विष्णु महादेव तथा ब्रह्मा तीनो एकत्रित होते हैं प्रश्न के समाधान का चिन्तन करते है, बाद में तीनो जिस स्थल पर घटना घटी थी वहाँ जाते हैं। मनुष्य का

रुप धारण करके मृत्युलोक में आये । चार ब्राह्मणों को लोग स्मशान में लेजाकर दाह कर्म कर रहे थे । तीनो देव उस दृश्य को सरीर देख रहे हैं । अग्नि संस्कार हो रहा है । स्मशान में आये व्यक्ति नाना प्रकार की वात कर रहे हैं । तीनो देव ध्यानपूर्वक सभी की वात सुनते हैं । एक कहता है कि आप जानते हैं ? वह गृहस्थी ऐसा है । क्यों, क्या हुआ ? यह आप को खबर नहीं पड़ेगी । ब्राह्मणों के साथ कुछ खराब सम्बन्धरहा होगा, जिससे सिद्धा में विष डालकर दिया होगा । मुझे खबर है, आप को नहीं, जान बूझ कर उस गृहस्थ ने किया है । यह सुनकर तीनो देवो यमराज से आकर कहते है कि ब्राह्मणो के हत्या का दोष (पाप) गृहस्थ के नाम लिख दीजिए ।

इसी को मिथ्या कलंक कहते हैं । यद्यपि कहने वाले को यह पता नहीं है कि उनकी मृत्यु कैसे हुई है, फिर भी जिसने सिद्धा दिया उसके ऊपर दोषारोपण करके कलंकित कर दिया गया । जिस वात को आप नहीं जानते हों उसे जानने जैसा कहना ही दोष है, वहीं कलंक है । इस कलंक से बड़ा कोई पाप नहीं है । विना प्रयोजन के पाप का भागीदार बनना पड़ा । कभी भी किसी को किसी झूठे कलंक से कलंकित नहीं करना चाहिए । पानी तथा वाणी दोनो को गार कर उपयोग में लाना चाहिए । पानी वस्त्र से गारा जाता है । वाणी विचार से गारी जाती है । विना विचारे यदि वाणी का उपयोग करते हैं तो सबसे बड़ा पाप लगता है ।

प्रिय भक्तो ! यह वात हमें नित्य याद रखनी चाहिए कि हमसे अज्ञान में भी किसी पर कलंक न लग जाय यह है बहुत छोटा, लेकिन किसी पर झूठा दोषारोपण करने से मत भेद, झगड़ा, विवाद, अन्तर्कलह इत्यादि होने की पूरी संभावना रहती है ।

इसलिये प्रेमानंद स्वामी ने लिखा कि ''निर्विकल्प'' इत्यादि इग्यारह नियम का बड़ी कड़ाई के साथ सभी सत्संगी पालन करे, इसी में सभी को सुख शान्ति मिलेगी ।(कलंक न कोई कुं लगता) ।

(क्रमशः)

दया के सागर श्रीहरि

(साधु श्री रंगदास - गांधीनगर)

एकबार श्रीजी महाराज संतो के साथ अमदावाद में पधारे यहाँ के हरिभक्तों के प्रेमाग्रह के वशीभूत होकर वे होली के अवसर पर पधारे थे । इस अवसर पर संत, ब्रह्मचारी तथा अनेकों गाँव से हजारों हरिभक्त पधारे थे । इस कार्यक्रम में एक सोनी अपने बेटे के साथ महाराज का दर्शन करने तथा उत्सव का लाभ लेने के लिये आया था । बालक छोटा था इसलिये अंगुली पकडकर चल रहा था । मंदिर में इतनी भीड़ थी कि बालक हाथ से छूट गया और कोई चोर उसे उठाले गया उसके पास २०० रुपये जितना गहना था उसे लेलिया और गला दबाकर मारडाला । इधर सोनी अपने बेटे को खोजने लगा । लेकिन बेटा मिला नहीं । वह रोते-रोते महाराज के पास आया । सम्पूर्ण वात महाराज को बता दी ।

महाराज उस सोनी को कहे कि देखो भाई तुम परेशानमत हो, तुम्हारा बेटा मिल जायेगा । लेकिन गहना नहीं मिलेगा । ऐसा कहकर भगुजी से कहेकि मशाल लेकर खंडहर की तरफ जाइये । भगुजी मशाल लेकर वहाँ पहुंचे तो बेटे को मारा देखकर वापस आकर कहने लगे कि - महाराज ! लड़के की तो मृत्यु हो गई है । श्रीहरिने कहा कि वह मूर्छित हो गया होगा । इसलिये उसे यहाँ ले आइये । उस बालक को लाकर उसके पिता से कहे कि इसे कपड़े में ढंक कर सुला दीजिये । प्रातः उठेगा । सभी ऐसा ही किये । प्रातः होते ही वह बालक उठ गया और बोलने लगा । इस तरह श्रीजी महाराजने अपने भक्त की रक्षा की । मित्रो ! भगवान भक्तवत्सल हैं । सदा रक्षा में तत्पर रहते हैं । लेकिन सतर्क रहकर प्रभु में आन्तरिक विश्वास तथा श्रध्धा होनी चाहिए । अपने जीवन के प्रति भी सतर्क रहना चाहिए, अन्यथा जिस तरह पिता के हाथ से बालक छूट गया और चोर उठा ले गया ।

इसी तरह आप भगवान के चरण का आश्रय छोड़ देंगे तो भगवान से बहुत दूर चले जायेंगे जगत के काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या इत्यादि चोर आपको उठा लेजायेंगे । उनके शिकार बनने में समय नहीं लगेगा ।

इसलिये भगवान बड़े दयालु है । यदि भगवान के हाथ को नहीं छोडेंगे तो वे स्वयं आपकी चिंता करेंगे । भगवान ने जो वरदान दिया है वे उसके अनुसार सभी की रक्षा करते हैं और अंत में स्वधान लेजाते हैं ।

भक्तिसुधा

प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी के आशीर्वचन में से
"एकादशी की सत्संग सभा के अवसर पर"
(संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल - घोडासर)

नियम एसे ही लेना जिन्हे आप पूर्ण कर सके । देखा-देखी में नियम नही लेना । अपनी स्थिति व परिस्थिति पर नियम लेना । शरीर को उनता ही कष्ट देना जितना वह बर्दास्त कर सके । शरीर को नुक्सान न करे एसा नियम लेना । शरीर निरोगी रहे उस प्रकार नियम लेना । कुछ नियम लेते है कि एक दिवस भोजन एक दिवस उपवास । इससे वे खुद भी परेशान होते है और परिवार को भी करते है । ऐसा नियम नही लेना जिससे भजन-भक्ति बन्द हो जाये । भजन-भक्ति उपवास में सहायता करे ऐसा नियम लेना । थोडा इन्द्रियों का दमन करना । भगवानने दया करके यह शरीर दिया है । इस शरीर के माध्यम से ही संसार रुपी सागर को पार कर सकते है । देवताओ को भी यह शरीर दुर्लभ है क्योकि मनुष्य के अलावा किसी और योनि में मोक्ष है ही नही । एक नियम सदैव रखना कि "मुझसे कोई दुःखी न हो" । समस्त शास्त्र के रचयिता भगवान वेद-व्यास ने परमात्मा से पूछा समग्र शास्त्र का सार क्या है ? तब परमात्मा बोले जो सभी शास्त्रो का सार है वह मैं आपको बताता हूँ । परोपकार में पुण्य है और जो दूसरे जीवो को कष्ट दे वह "पाप" है । इसलिये पाप और पुण्य की सरल व्याखा यह है कि दूसरो को सुख देना पुण्य है और दुःख देना पाप है । हम किसी को सुख न दे पाये तो कोई बात नहीं किंतु दुःख भी नही देना चाहिए । क्योंकि दुःख देने से बड़ा कोई पाप है ही नहीं । ये पाप किसी भी प्रकार खत्म नही होता । हमे तो अजात शत्रु बनना है । अजात शत्रु अर्थात् जो शत्रु को भी माफ कर दे वह । यदि किसी ने हमारा गलत किया हो तो हमे सहनशीलता विनम्रता दिखा कर माफ कर देना चाहिये और अपेक्षा ही सब दुःखो की जननी है तो किसी भी प्रकार की अपेक्षा न रखें । जो सत्संग हम करते है उसी का हमें पालन करना है । उसका मनन और चिंतन करना और उसके मुताबिक वर्तन करना है । समुद्र के भीतर सुतही (सीपी) होती है, वह क्या करती है । उसी के भीतर मोती बनती है, वह कैसे ? स्वाती नक्षत्र में जब पानी वरसता है वह बूंद उसमें पड़े तो ही मोती बनती है । सीपी को यह खबर होती है कि स्वाती नक्षत्र की बूंद कब पडने वाली है । ऐसा जब समय आता है तब वह किनारे आजाती है और स्वाती नक्षत्र की बूंद लेकर समुद्र में चली जाती है । वही बूंद मोती के रुप में परिवर्तित हो जाती है । जिस तरह सीपी सतर्क रहती है उसी तरह हमें भी सतर्क रहकर सच्चा सत्संग करना है । तभी हमारा कल्याण होगा । इसका ध्यान रखना चाहिये । नरनारायणदेव की शरण में की गयी भक्ति तथा सत्संग मनुष्य को निर्मल बनाता है । सत्संग के लिये सदा तत्पर रहना चाहिये । सीप की तरह ग्रहण करने की भावना भी होनी चाहिये । ज्ञान ग्रहण करके समुद्ररुप आत्मा में आनंद लेना चाहिये । इससे अपने में भी चमक आजायेगी । सभी सीप में यह भाव आसकता है कि हमारे भीतर भी मोती बने । परंतु वरसात की सभी बूंदो से मोती नही बनती । जब उस सीप को खोलें तब ख्याल आयेगा कि सीप में मोती है या खाली है । ठीक इसी तरह से हम सभी का जीवन है समय चूकने पर कुच हाथ नही लगेगा, समय से सावधान रहने पर मोक्ष लक्ष्य है, अन्यथा व्यर्थ का प्रयास करना है । ब्रह्मरुप का मतलब अपनी शरीर को शरीर नहीं मानना, अपना स्वरुप तो आत्मा है । हमें जब किसी से दुःख होता है तब हम कहते है कि हमे बहुत दुःख हुआ, ऐसा नही कहते कि हमारी आत्मा को दु-ख हुआ । दुःख किस को होता है । दुःख सदा अहंकार को होता है । आत्मा को नही होता । जब कहीं चोट लगती है तो हम कहते हैं कि हमारे हाथ में चोट लगी है ।

इसमे जो मैं और मेरा शब्द है - उसमें मैं यह अहंकार है - मेरा यह शरीर है । मानव का शुद्ध स्वरुप आत्मा है । मानव आत्म स्वरुप है । यही आत्म स्वरुप में परमात्मा की उपासना की जाय तो परब्रह्म की प्राप्ति हो सकती है, इसी को मोक्ष कहते हैं । परब्रह्म भगवान स्वामिनारायण है । जिस तरह समुद्र की एक बूदं - वह बूंद है लेकिन वह

समुद्र नहीं है। समुद्र जितना महान है उतनी महानता बूंद में नहीं है। इसी तरह हमें सदा ध्यान रखना चाहिये कि चाहे कितनी बड़ी सत्ता-पद स्थान को मनुष्य प्राप्त करले वह ब्रह्म का अंश मात्र ही रहेगा, वह परब्रह्म नही हो सकता। इस लिये सदा अहंकार के विना भक्ति करनी चाहिये। आप सभी के नियम परमात्मा पूर्ण करें ऐसी श्री नरनारायणदेव के चरणों में प्रार्थना।

●

स्वरुप निष्ठा

- सां.यो. कोकिलाबा (सुरेन्द्रनगर)

भगवान श्री स्वामिनारायण गढडा मध्य के १६ वें वचनामृत में कहे हैं कि स्वरुप निष्ठा रखने से धर्मनिष्ठा उसमें आजाती है। स्वरुप निष्ठा अर्थात् भगवान के स्वरुप का निश्चय। सच्चे सन्त द्वारा भगवान की पहचान हो जाने के बाद संशय नही रहना चाहिए। हम सभी धर्म का पालन करते हैं, नियम का पालन करते हैं। लेकिन इसके साथ भगवान में निश्चय होना आवश्यक है। उन्हीं में विश्वास रखने पर ही यह निश्चय होगा कि ये ही हमारा कल्याण करने वाले हैं। वचनामृत में लिखा गया है कि यदि नियम पालन करने में भूल हो जाय तो उसे भगवान माफ कर देते हैं, लेकिन स्वरुप निष्ठा में थोड़ा भी कमी रहेगी तो मोक्षमार्ग से गिरने से कोई नहीं रोक सकता। अपना कल्याण स्वरुप निष्ठा से संभव है। जैसे कोई नीम के वृक्ष को बरगद कहे और बरगद के वृक्ष को नीम का वृक्ष कहे - लेकिन हमें निश्चय होना चाहिये कि यह नीम का ही वृक्ष है। यह तभी संभव है जब निश्चय में कोई कमी न रहे तो। इसी तरह अपने इष्टदेव भगवान स्वामिनारायण में पक्का निश्चय होने पर ही प्रभु कल्याण दाता बनेंगे - अन्यथा नहीं।

